**बिहार के मधुबनी की कहानी बड़े पर्दे पर, एक दर्दनाक कहानी पर बनी है 'बैंडिट शकुंतला'**

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वर्तमान हालात को देखते हुए बिहार में लॉकडाउन फिलहाल हटाने के पक्ष में नही**

**भारत में कोरोना वायरस (कोविड–19) का कहर थमता नहीं दिख रहा, पिछले 24 घंटे में 3604 मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस के 70,756 मामले जबकि 2293 लोगों की मौत**

**कोरोनावायरस संकट और लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिर एक बार देश को करेंगे संबोधित**


युवराज

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+12 तिथि : 12 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

बिग ब्रेकिंग

## सीएम नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार के बाहर रह रहे जो लोग वापस आना चाहते हैं, उन्हें 7 दिनों के भीतर लाया जाए.



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




कोरोना वायरस के संक्रमण के बीच बाहरी राज्यों से बिहार लौटने वाले प्रवासी मजदूरों की वापसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान किया है. सीएम नीतीश कुमार ने आज अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार के बाहर रह रहे जो लोग वापस आना चाहते हैं, उन्हें 7 दिनों के भीतर लाया जाए. मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अधिकारियों को साफ–साफ कहा है कि ऐसी व्यवस्था करें कि कोरोना वायरस के मद्देनजर लागू लॉकडाउन की वजह से राज्य के बाहर फंसे सभी लोगों को तत्काल वापस लाया जा सके. मुख्यमंत्री ने इसके लिए 7 दिन की डेडलाइन भी तय कर दी है.

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कोरोना वायरस की रोकथाम को लेकर आज सभी जिलों के डीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई बैठक में यह निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने इस बैठक में सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलवे तथा अन्य राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं. उन्होंने बाहरी राज्यों में फंसे बिहार के लोगों के अलावा पटना तथा प्रदेश के अन्य शहरों में फंसे लोगों को भी वापस उनके गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था करने का आदेश दिया.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वर्तमान हालात को देखते हुए बिहार में लॉकडाउन फिलहाल हटाने के पक्ष में नही



सम्राट, संवाददाता




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वर्तमान हालात को देखते हुए बिहार में लॉकडाउन फिलहाल हटाने के पक्ष में नहीं हैं. सूत्रों के अनुसार अभी बिहार में लॉकडाउन की अवधि आगे बढ़ाई जा सकती है. हाल के दिनों में बिहार में बाहर से आए अप्रवासी मजदूरों के आने के बाद कोरोना के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है.

नीतीश कुमार इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं कोरोना वायरस का संक्रमण राज्य में ज्यादा विस्तार ना ले ले. यही वजह है कि वे लॉक डाउन की अवधि अभी और बढ़ाना चाहते हैं. गौरतलब है कि बिहार के कुल 38 जिलों में से 37 जिलों में कोविड–19 के मामले सामने आ चुके हैं.

### वापस लौटे प्रवासियों ने बढ़ाई मुश्किल

देश के अन्य राज्यों से वापस लौटे प्रवासियों ने कोरोना संक्रमण का खतरा यहां बढ़ा दिया है. बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि शनिवार को 15 घंटे के अंदर मिले 49 पॉजिटिव मरीजों में कुल 44 मरीजे ऐसे थे जो हालही में अन्य राज्यों से वापस लौटे हैं.

कोरोना स्पेशल

## भारत में कोरोना वायरस (कोविड-19) का कहर थमता नहीं दिख रहा, पिछले 24 घंटे में 3604 मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस के 70,756 मामले जबकि 2293 लोगों की मौत, बिहार में संक्रमितों की संख्या 747



सुनील चौधरी,
संवाददाता,




भारत में कोरोना वायरस (कोविड–19) का कहर थमता नहीं दिख रहा है। पिछले 24 घंटे में 3604 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना वायरस के 70,756 मामले सामने आ गए हैं। इनमें से 46,008 एक्टिव केस हैं। 22, 455 मरीज ठीक हो गए हैं। 2293 लोगों की मौत हो गई है।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 23000 से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। गुजरात में 8500 से ज्यादा मामलों की पुष्टि हो गई है। तमिलनाडु में भी 8000 से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। वहीं बिहार में संक्रमितों की संख्या 747 की पुष्टि की गई है।

## कोरोना वायरस जैसे वैश्विक महामारी मे बेहतर कार्य करने वाले सभी सरकारी पदाधिकारियों व कर्मियों को हरसिद्धि विधायक ने फूलमाला पहनाकर उनके मनोबल को बढ़ाया



रिंकू गिरी,
संवाददाता




कोरोना वायरस जैसे वैश्विक महामारी मे बेहतर कार्य करने वाले सभी सरकारी पदाधिकारियों व कर्मियों को हरसिद्धि विधायक राजेंद्र कुमार राम ने रविवार को फूलमाला पहनाकर उनके मनोबल को बढ़ाया। साथ ही सभी को मास्क व सैनिटाइजर भी दिया। विधायक ने बीडीओ राजेश भूषण, सीओ संतोष कुमार सुमन, थाना प्रभारी नवनीत कुमार, चिकित्सा प्रभारी डा. अनिल गुप्ता आदि को फुलमाला पहनाकर सम्मानित किया।

वही पीएचसी में विधायक की अध्यक्षता मे बैठक हुई। जहां सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। बैठक मे विधायक ने कहा कि हम यहां के लोकल जनप्रतिनिधि हैं। इस महामारी के दौर में आप लोगों की भूमिका अहम है। इस दौरान अगर आप लोग के साथ कोई परेशानी है तो उसे बताएं। हल करने का प्रयास किया जाएगा। जहां चिकित्सा प्रभारी डा.अनिल गुप्ता ने कहा कि जिले से मास्क, सैनिटाइजर व पीपीई कीट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिससे डॉक्टर सहित कर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसे लेकर विधायक श्री राम ने जिला सिविल सर्जन से बात कर सभी समस्याओं से अवगत कराया। जहां सिविल सर्जन ने हॉस्पिटल को सभी सामान मुहैया कराने का आश्वासन दिया। वही विधायक ने कहा कि जेनरल लोगों के लिए और कोरोना संबंधित संदिग्धों को लाने–लेजाने के लिए एक ही एंबुलेंस का इस्तेमाल किया जाता है। जिलाधिकारी से बात कर एक और एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई जाएगी। साथ ही कहा कि सरकार का कार्यकलाप ठीक है। मजदूरों से लेकर सरकारी कर्मियों तक को कोई सुविधा नही दी जा रही है। उधर मजदूरों को और इधर कर्मियों को अपनी हाल पर छोड़ दिया गया है।


रजि0 कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## कोरोनावायरस संकट और लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिर एक बार देश को करेंगे संबोधित



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




कोरोनावायरस संकट और लॉकडाउन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिर एक बार देश को संबोधित करेंगे. पीएम मोदी आज रात 8 बजे देश से मुखातिब होंगे. लॉकडाउन के तीसरे चरण की मियाद 17 मई को को खत्म हो रही है. ऐसे में पीएम मोदी के संबोधन पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं. ये ऐसा पांचवां मौका होगा जब कोरोना संकट को लेकर पीएम मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे.

गौरतलब है कि एक बार उन्होंने वीडियो संदेश जारी किया. पीएमओ की ओर ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी गयी है. पीएम मोदी के देश के नाम संबोधन की खबर आते ही ट्वीटर पर लॉकडाउन 4.0 ट्रेंड होना शुरू हो गया है. ट्वीटर पर 32.8 हजार लोग इस बारे में बात कर रहे हैं.

प्रधानमंत्री का यह संबोधन कोरोना को लेकर सोमवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई बैठक हो रहा है. सूत्रों की ओर से सोमवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, देश में 17 मई के बाद भी लॉकडाउन बढ़ाया जा सकता है. मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में लॉकडाउन आगे किस रूप में होगा इसके लिए प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से 15 मई तक सुझाव मांगे हैं.

## प्रवासी मजदूरों को मनरेगा से रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में यह सार्थक प्रयास



अफजल आलम
न्यूज टुडे,




रोजी–रोटी के तलाश में देश के विभिन्न प्रदेशों में जाकर काम करने वाले बिहार के लोग लॉकडाउन में अपने गांव आ चुके है। वे इनदिनों अपने गांव को बेहतर बनाने के लिए श्रम करने में जुटे है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी निकासी और पटवन के लिए प्रखंड क्षेत्र के सकरार पंचायत के अंतर्गत परड़िया मुशहरी नहर की मरम्मति का कार्य मनरेगा से शुरू हो गया है। इस कार्य के द्वारा बाहर से घर वापस आए प्रवासी मजदूरों को मनरेगा से मजदूरी दी जा रही है। साथ ही नाला की सफाई से बाढ़ की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

इस कार्य को सकरार पंचायत में समिति सदस्या कोशिला देवी द्वारा कराया जा रहा है। इनके प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश पासवान ने बताया कि इस नहर की सफाई सकरार पंचायत का सीमांत रामगढ़वा से लेकर किशुनटोली तक कराया जा रहा है।

कोरोना के कारण हुए लॉक डाउन से इस पंचायत में बाहर से घर वापस लौटे सैकड़ों मजदूरों के क्वारंटाइन होने के बाद रोजी रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई थी। समिति सदस्य ने इन प्रवासी मजदूरों को मनरेगा से रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में यह सार्थक प्रयास किया है।

## पताही प्रखंड में तालाब में डूबने से मासूम बच्चे की मौत



संतोष राऊत
न्यूज टुडे,




पताही प्रखंड अंतर्गत बेलाही राम पंचयत में मिर्जापुर गाँव के पेट्रोल पंप के समीप तलाब में भैंस नहाने के दौरान डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। बच्चा राजेंद्र राम का पुत्र इनावन राम बताया जा रहा है जो अपने माँ शकुंतला देवी के साथ अपने ननिहाल आया हुआ था।

वह लॉक डाउन के कारण अपने ननिहाल में ही रह रहा था, जो अपने नाना का भैंस नहाने के लिए तलाब में गया था वहीं डूबने से उसकी मौत हो गया। ग्रामीण ने तलाब से बड़ी मशक्कत कर शव को बाहर निकाला सूचना पाते हुए थाना अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया।

## बिहार के मधुबनी की कहानी बड़े पर्दे पर, एक दर्दनाक कहानी पर बनी है 'बैंडिट शकुंतला'








आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




बिहार के मधुबनी की कहानी बड़े पर्दे पर आ रही है. दरअसल चर्चित निर्देशक हैदर काजमी मधुबनी की एक दर्दनाक कहानी को लेकर फिल्म बनाई है. इस फिल्म का नाम होगा–'बैंडिट शकुंतला'. फिल्म निर्देशक हैदर काजमी की फिल्मों को इंटरनेशनल स्तर पर बहुत एक्सपोजर मिलता रहा है. हैदर अपने ही रिश्तेदारों और साथी ग्रामीणों द्वारा बलत्कृत महिला की कहानी को लेकर फिल्म बनाई है. हैदर बिहार के जहानाबाद के रहने वाले हैं और करीब दो दशकों से थिएटर, टीवी और फिल्मों में सक्रिय हैं.

### गैंगरेप पीड़िता ने बदला लेने के लिए उठाया हथियार

फिल्म की सबसे बड़ी खासियतों में से एक बात यह है कि स्वयं शकुंतला देवी न केवल फिल्म में अभिनय कर रही हैं बल्कि इस फिल्म की लीड किरदार वे खुद हैं. निर्देशक ने बताया कि इस बायोपिक की पूरी शूटिंग बिहार के जहानाबाद समेत अन्य लोकेशन पर हुई है. इस फिल्म में चर्चित अभिनेता अभिमन्यु सिंह के अलावा, ओमकार दास मानिकपुरी (पीपली लाइव से प्रसिद्ध) भी एक प्रमुख किरदार में हैं फिल्म में निर्देशक हैदर काजमी भी अभिनय कर रहे हैं. इनके अलावा रतनलाल, ललितेश, जफर काजमी और विशाल तिवारी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं.

> **बिहार के मधुबनी की कहानी बड़े पर्दे पर आ रही है. दरअसल चर्चित निर्देशक हैदर काजमी मधुबनी की एक दर्दनाक कहानी को लेकर फिल्म बनाई है. इस फिल्म का नाम होगा-'बैंडिट शकुंतला'.**

### वास्तविक जीवन पर बनी है फिल्म

फिल्म को लेकर अभिमन्यु ने कहा कि मैंने लगभग 3 सप्ताह तक जहानाबाद के पास के गाँव के इलाकों में शूटिंग की. यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी की वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित है. फिल्म के बारे में दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में हैं, जिनके साथ काम करने का अनुभव बहुत खास रहा.

### फिल्म में इन्होंने निभाई है भूमिका

अभिनेता–निर्देशक हैदर काजमी ने कहा कि मुझे यकीन है कि इस फिल्म के बाद अभिमन्यु सिंह अपने फिल्मी करियर की सबसे यादगार भूमिका निभाएंगे और दर्शकों के दिल में एक खास जगह बनाएंगे. फिल्म दर्शकों को जोड़ने का काम करेगी. आपको बता दें कि फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं जो बॉलीवुड इंडस्ट्री के विख्यात पीआर हैं. बैंडिट शकुंतला का निर्माण यूपीजे फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है जिसमें प्रमुख भूमिका पिंटू कुमार, उपेंद्र कुमार और श्रवण कुमार की है. फिल्म के सह–निर्माता लियाकत गोला हैं और फिल्म की कहानी शिवराम यादव ने लिखी है. म्यूजिक अमन श्लोक का है. सिनेमोटोग्राफी जगमिंदर सिंह ने की है और संपादक बल्लू सलूजा है. इस फिल्म का फास्टलुक एएफएम यानी अमेरिकन फिल्म मार्केट में की गई जहां इसकी काफी प्रसंशा हुई.








Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830